53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.2°c अधिकतम 34.3 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:55, सूर्यास्त - 6:44 | वर्ष : 53/अंक : 238 शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जो फूल सूखे वीरान बीहड़ों में मुसीबतों के साथ खिलते हैं, वो बहुत ही विरल और खूबसूरत होते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कांग्रेस गली-गली वाली नहीं,गाली वाली पार्टी बन गयी है : संबित पात्रा



हारते-हारते हुए बोझल.... तुम हमें बदमिजाज रहने दो.......

# वैष्णो देवी लैंड स्लाइडिंग में पांच और लोगों की दु:खद मौत पर रो पड़ी हर आंख, परिवार का हाल देखकर पसीज गए दिल









**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु)।** आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व मां वैष्णों देवी लैंड स्लाइडिंग के बाद रामलीला टिल्ला के रहने वाले कार्तिक की दुःखद मृत्यु हो गई थी। उसके बाद आज गुरूवार को तीन मासूमों सहित 5 लोगों की मौत की सूचना सामने आने के बाद से ही मुजफ्फरनगर का माहौल गमगीन हो गया। उक्त पांचों लोग उत्तरी रामपुरी के रहने वाले थे पर इस समय 5 लोगों की मौत की सूचना के बाद रामपुरी में हा-हाकार मचा हुआ है। सूचना पर तुरंत पूर्व सांसद संजीव बालियान दुःखद हादसे के बाद परिवार के लोगों के बीच पहुंचे और हाथों-हाथ जम्मू के सांसद जुगल किशोर से बात कर 5 लोगों के शवों को मुजफ्फरनगर तक भेजने की व्यवस्था के लिये कहा है।

संजीव बालियान ने परिवार को ढांढ़स बंधाया और कहा कि दुःखद की इस घड़ी में पूरी सरकार परिवार के साथ खड़ी है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल रात ही मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया था। चिंता का विषय यह है कि मृतकों का आंकड़ा 6 होने के बाद अभी कई लोग और लापता हैं, क्योंकि कुल 25 लोगों का जत्था मां वैष्णों देवी की यात्रा के लिये यहां से गया था। कुछ लोगों का उपचार चल रहा है और मुजफ्फरनगर जनपद के सभी निवासी एक ही प्रार्थना कर रहे हैं कि बाकी सभी लोग सकुशल वापस लौटें। मुजफ्फरनगर बुलेटिन परिवार दुःख की इस घड़ी में अपनी गहरी शोक संवेदनायें व्यक्त करता है और मृतक मासूम बच्चों सहित सभी की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना करता है। आपको बता दें कि सन्नी (8 साल), ममतेश (48), रामवीरी (49), अंजली (21), आकाश (15), अजय (35), खुशी (16), नैतिक (13), धर्मवीर (55), डौली (30), विधान (10), वैभव (10), पूरवी (7), अबनी (6), राखी (30), मौनी (35), अनु (5) खुशी (2), संगीता (30), दिपेश (8), आन्नंद (6), पूर्वी (5) ममता देवी। यह सभी लोग मां वैष्णों के दर्शन करने मुजफ्फरनगर के उत्तरी रामपुरी के क्षेत्र से हैं, जो जम्मू गये थे। अभी तक जो आंकड़े प्राप्त हुए हैं, उनके अनुसार मुजफ्फरनगर के कुल 6 लोगों की अब तक मृत्यु हो चुकी है।

## श्राइन बोर्ड ने शवों को घर पहुंचाने की ली जिम्मेदारी

**मुजफ्फरनगर।** मां माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शवों को उनके घर भेजने की जिम्मेदारी ली है। 24 मृतकों की पहचान हो गई है। बोर्ड मृतकों के परिजनों को 5 लाख और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपए देगा। वैष्णो देवी यात्रा के इस पड़ाव पर 26 अगस्त की दोपहर करीब 3 बजे भारी बारिश के कारण अर्धकुंवारी इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भूस्खलन हुआ था। हादसे में 34 की मौत हुई है, 20 से ज्यादा घायलों का इलाज चल रहा है।

## फंसे हुए टूरिस्टों को निकालने के लिए दिल्ली तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**मुजफ्फरनगर।** जम्मू संभाग के कुछ हिस्सों में अचानक आई बाढ़ और बादल फटने से हुई रुकावट के बाद फंसे यात्रियों की जम्मू से दिल्ली तक की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की है। ट्रेन आज सुबह 11:30 बजे जम्मू रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। अधिकारियों ने कहा है कि इस ट्रेन में फंसे हुए यात्रियों को चढ़ने में प्राथमिकता दी जाएगी।

## मणिमहेश गये आनंदपुरी के तीन श्रमिक लापता, बुलेटिन टीम ने साधा चम्बा पुलिस से सम्पर्क

**चंबा की एडीशनल एसपी ने कंट्रोल रूम को दी तीनों की जानकारी**

**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (एजेंसी)।** चंबा के मणिमहेश में मेले में दुकान लगाने के उद्देश्य से गये तीन श्रमिक मुजफ्फरनगर के आनंदपुरी के भी लापता हैं। ऐसे में इनके घरों पर चिंता का माहौल है। इनके परिजनों ने बुलेटिन में संपर्क कर पूरी बात बताई। परिजनों के अनुसार आनंदपुरी के अमित, विकास, संदीप हिमाचल के चंबा के मणिमहेश में मेले में दुकान लगाने के लिये गये थे। अचानक उनका मोबाईल बंद आने लगा। जिसके कारण उनको चिंता हुई। ऐसे में उन्होंने तीनों की जानकारी मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम से सांझा की। बुलेटिन की टीम ने भी तुरंत चंबा की एडीशनल एसपी शिवानी से संपर्क साधा और उनकों पूरे मामले से अवज्ञत करवाया। एडीशनल एसपी शिवानी ने तुरंत इसकी जानकारी चंबा कंट्रोल रूम से सांझा की। शिवानी ने बताया कि मणिमहेश और भरमोर क्षेत्र में भूस्खलन के कारण बिजली और मोबाईल टावर टूट गये हैं। जिसके कारण यह स्थिति बनी हुई है। जिस पर टेलिकॉम कंपनियों के इंजीनियर और प्रशासन के लोग बिजली को ठीक करने में लगे हुए हैं। शिवानी ने कहा कि हमने कुछ लोगों को रेस्क्यू भी किया है। लेकिन रेस्क्यू किये लोगों की डिटेल इन तीनों से मेल नहीं खाती है। ऐसे में संभव है कि तीनों के मोबाईल में सिग्नल ना होने के कारण संपर्क नहीं हो पा रहा हो। पुलिस पूरी कोशिश कर रही है कि इन तीनों को ढूंडकर उन्हें उनके परिवार से बातचीत करवाई जाये। बुलेटिन भी इनके घर सुरक्षित पहुंचने की कामना कर रहा है। बुलेटिन की टीम चंबा पुलिस के लगातार संपर्क में है और पल-पल की जानकारी ली जा रही है।



## मुम्बई के विरार इलाके में चार मंजिला इमारत ढहने से 17 लोगों की मौत, कई अब भी दबे

**मुंबई, 28 अगस्त (एजेंसी)।** मुंबई में विरार ईस्ट के नारंगी इलाके में बुधवार को रमाबाई अपार्टमेंट की चार मंज़िला इमारत का एक हिस्सा अचानक ढह गया था। इस हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।


मलबे से 6 लोगों के शव निकाले गए वहीं, कई लोगों ने अस्पतालों में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बता दें कि इस इमारत में करीब 12 परिवार रहते थे। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। मौके पर एनडीआरएफ को भी तैनात किया गया था। राहत और बचाव कार्य अब भी जारी है। मंगलवार रात लगभग 12.5 बजे रमाबाई अपार्टमेंट का पिछला हिस्सा ढहने के बाद से बचाव कार्य 24 घंटे से ज्यादा समय से जारी है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब तक 17 लोगों के बारे में पता चला है - 14 मृत, एक घायल और दो को बचा लिया गया है। बचाव अभियान अभी भी जारी है। वसई विरार नगर निगम (वीवीएमसी) की शिकायत के बाद पुलिस ने बिल्डर को गिरफ्तार कर लिया है। एनडीआरएफ की 5वीं बटालियन की 2 टीमें पालघर ज़िले के वसई विरार (नारंगी) स्थित रामाबाई अपार्टमेंट में गिरी इमारत के मलबे से राहत और बचाव कार्य करने में जुटी हैं।



एनडीआरएफ की टीम मलबे से अब तक कुल 17 लोगों को बाहर निकाल चुकी है, जिनमें से 2 लोग सुरक्षित है। 14 लोगों की जान चली गई है। वहीं 1 शख्स घायल है। रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है।











# संपादक अंकुर दुआ ने 1008 फलों से किया श्री गणेश भगवान का अर्चन

**- बुलेटिन संपादक दुआ ने पत्नी पूजा दुआ के साथ नानूपुरी के गणेश महोत्सव में की आरती**

**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)।** शहर के नानूपुरी में चल रहे 45वें गणेश महोत्सव में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने पत्नी पूजा दुआ के साथ 1008 फलों से गणेश भगवान का अर्चन किया। संपादक दुआ ने शाम को महाआरती करते हुए भक्तों से अपने परिवार के बुजुर्गों की सेवा करने का अनुरोध किया। शहर के मेरठ रोड स्थित नानूपुरी में ब्रह्मलीन ज्योतिषाचार्य राज भारद्वाज की प्रेरणा से चल रहे 45वें गणेश महोत्सव में गुरुवार को मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ और सह संपादक पूजा दुआ मुख्य यजमान रहे। सुबह के समय दुआ दंपति ने 1008 फलों से गणेश भगवान का अर्चन किया। संपादक अंकुर दुआ ने शाम को भगवान गणेश महाआरती की। संपादक अंकुर दुआ ने गणेश चतुर्दशी की बधाई देते हुए कहा कि पं. राज भारद्वाज ने सबसे पहले मुजफ्फरनगर में गणेश महोत्सव की शुरुआत की थी। उन्होंने भगवान गणेश की महिमा की चर्चा करते हुए युवाओं से अपने माता-पिता की सेवा करने की अपील की। महोत्सव से जुड़े कृष्ण भारद्वाज, पं. अरविंद शास्त्री, आचार्य जानकी पंत, पं. शास्त्री, शिव पंत, पूर्व सभासद नन्द किशोर मित्तल, के.के. नन्द, नंदकिशोर वर्मा, विकास गोयल आदि का आयोजन में सहयोग रहा।

# मैंने कभी नहीं कहा कि 75 साल में किसी को रिटायर हो जाना चाहिएः मोहन भागवत



**नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन गुरुवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई अहम सवालों के जवाब दिया। इस दौरान उनसे 75 साल में रिटायरमेंट को लेकर भी सवाल किया गया। इस पर भागवत ने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि मैं 75 साल में रिटायर हो जाना चाहिए। मोहन भागवत से पूछा गया कि क्या भारतीय नेताओं को 75 साल की उम्र में रिटायर हो जाना चाहिए, पद छोड़ देना चाहिए। भागवत ने कुछ समय पहले कहा था कि जब आप 75 साल के हो जाते हैं और कोई आपको शॉल ओढ़ाता है, तो आपको रिटायर हो जाना चाहिए। क्या 5 वर्ष के लिए चुने गए व्यक्ति पर भी ये परंपरा लागू होती है। जवाब में संघ प्रमुख ने कहा कि मोरोपंत जी बहुत मजाकिया व्यक्ति थे। उनकी बातें सुनकर लोग कुर्सी से उछल पड़ते थे, जब वह करीब 75 के हो गए थे तो हमारे एक कार्यक्रम में आए थे, तब उन्हें शॉल ओढ़ाया गया था। इस पर उन्होंने कहा था कि आपको लग रहा होगा कि आप शॉल ओढ़ाकर मेरा सम्मान कर रहे हैं, लेकिन मुझे पता है कि शॉल ओढ़ाने का मतलब है कि अब आपकी उम्र हो गई है और आपको शांति से कुर्सी पर बैठकर देखना चाहिए कि क्या कुछ हो रहा है। भागवत ने कहा कि ऐसा उन्होंने विनोदपूर्ण लहजे में कहा था। भागवत ने कहा कि मैंने ये कभी नहीं कहा कि (75 साल की उम्र में) मुझे या किसी और को रिटायर हो जाना चाहिए। संघ में स्वयंसेवक होने के नाते हमें कुछ जिम्मेदारी दी जाती है, चाहे हम चाहें या नहीं। ऐसे में अगर मेरी 80 साल की उम्र में संघ कहे कि जाओ शाखा चलाओ तो मुझे जाना होगा। मैं ये नहीं कह सकता है कि मैं 75 साल का हो गया हूं, अब मैं रिटायरमेंट को एंजॉय करूंगा। संघ के काम में कोई बेनिफिट नहीं है।

# प्रदेश में इस बार कम हो जाएंगे जिला पंचायत सदस्य के 40 पद, घटेंगे बीडीसी और वार्ड मेंबर भी




**नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसी)।** बीते पांच साल में नई नगर निकायों के गठन और सीमा विस्तार की वजह से इस बार त्रिस्तरीय पंचायत और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की संख्या के साथ ग्राम पंचायतों में वार्डों की संख्या भी घट जाएंगे। चुनाव के लिए कराए जा रहे परिसीमन के बाद जहां जिला पंचायत सदस्यों के भी करीब 40 पद कम होने का अनुमान है। वहीं, क्षेत्र पंचायत सदस्यों (बीडीसी) के भी लगभग 1500 वार्ड कम हो जाएंगे। इसी तरह नए सिरे से हो रहे परिसीमन के बाद ग्राम पंचायतों के भी 4608 वार्ड घट जाएंगे। बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए वार्डों के पुनर्गठन की रिपोर्ट जल्द तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। अभी तक 47 जिलों ने ही वार्डों के पुनर्गठन की रिपोर्ट भेजी है। अभी जिला पंचायत के वार्डों की कुल संख्या 3050 है। 40 पद कम होने के बाद यह संख्या 3011 रह जाएगी। अभी तक बीडीसी के वार्डों की संख्या 75845 है। इसमें 1500 वार्ड होने पर इनकी संख्या भी 74345 हो जाएगी। जबकि ग्राम पंचायतों में 732643 वार्ड थे, जिसमें 4608 वार्ड घटने के बाद इनकी संख्या 728035 रह जाएगी। पंचायतीराज निदेशक अमित सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन का कार्य पूरा हो चुका है और अब 57694 ग्राम पंचायतें हैं। पहले ग्राम पंचायतों की संख्या 58189 थी। अगले वर्ष 26 मई 2026 को ग्राम प्रधानों, 19 जुलाई 2026 को क्षेत्र पंचायत प्रमुखों व 11 जुलाई 2026 को जिला पंचायत अध्यक्षों का भी कार्यकाल खत्म हो रहा है। निदेशक ने बताया कि पंचायत चुनाव में आरक्षण तय करने के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की प्रक्रिया भी जल्द होगी। इस संबंध में पंचायतीराज निदेशालय की ओर से शासन को पत्र भेजा गया है। ओबीसी आरक्षण के लिए यह आयोग ट्रिपल टेस्ट करेगा। उसके बाद आरक्षण तय किया जाएगा।

# फैक्ट्री के कर्मचारियों पर ट्रांसफार्मर के तेल की चोरी का आरोप लगाया

**सिखेड़ा, 28 अगस्त (बु.)।** महालक्ष्मी क्राफ्ट एंड टिशु प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री पर ट्रांसफार्मर के तेल की चोरी और ट्रांसफार्मर का बकाया किराया न देने का आरोप लगाया। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। औद्योगिक क्षेत्र सिखेड़ा में स्थित महालक्ष्मी क्राफ्ट एंड टिशु प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री का अपना निजी ट्रांसफार्मर खराब होने पर अनु इलेक्ट्रिकल्स सिकंदराबाद जनपद बुलंदशहर से ट्रांसफार्मर किराए पर दिया था, जिसका एक माह का किराया 125000 व जीएसटी की भुगतान की शर्तों पर तय हुआ। लगभग एक महीने बाद किराए पर लाया हुआ ट्रांसफार्मर खराब हो गया। फैक्ट्री ने अनु इलेक्ट्रिकल्स से किराए पर दूसरा ट्रांसफार्मर मंगवा लिया। वह भी दो दिन में खराब हो गया। फैक्ट्री ने अनु इलेक्ट्रिकल्स को अपना ट्रांसफार्मर ले जाने के लिए बोला, तो उन्होंने देखा कि ट्रांसफार्मर में ट्रांसफार्मर ऑयल नहीं है, जब उन्होंने फैक्ट्री के मालिक अनुभव गर्ग से पूछा तो उन्होंने अपने कर्मचारी बलराम से इस बाबत बात की तो उसने बताया कि ट्रांसफार्मर में से दो ड्रम तेल निकाला गया है। प्रार्थना-पत्र में पीड़ित ने बताया कि फैक्ट्री मालिक अनुभव गर्ग ना तो ट्रांसफार्मर का किराया दे रहा है और ना चोरी किये गये ट्रांसफॉर्मर ऑयल की कीमत। थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि ट्रांसफार्मर तेल चोरी का प्रार्थना-पत्र आया है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योग्यता परीक्षण परीक्षा का आयोजन

## - 491 छात्राओं की परीक्षा में शाहपुर की 84 छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**शाहपुर, 28 अगस्त (बु.)।** मुज़फ़्फ़रनगर के समस्त कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं का प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन व गुरुशाला द्वारा नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 2025-26 के आयोजन में शाहपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 84 छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। जनपद में संचालित आठ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की 491 छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लिया। यह परीक्षा चार दिनों में अलग अलग प्रश्नों के साथ सम्पन्न हुई। यह कौशल योग्यता पर आधारित परीक्षा में भाषा, गणित, विज्ञान, सामान्य अध्ययन और तार्किक तर्क सहित पाँच क्षेत्रों में विद्यार्थियों की योग्यता का आकलन करने हेतु कराई गई। परीक्षा पूरी तरह ऑनलाइन मोड में विद्यालय वार्डनों के सहयोग से आयोजित की गई थी। परीक्षा में प्रत्येक छात्रा को व्यक्तिगत रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया गया, जिसमें प्रदर्शन का विस्तृत विश्लेषण और सुधार के सुझाव शामिल हैं। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण-पत्र के बाद उनकी दक्षता योग्यता के परिणाम आने के बाद उन्हें सम्मानित किया जाना है। इस परीक्षा के साथ साथ जनपद के विद्यालयों के शिक्षकों को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी थीम पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से शिक्षण-प्रक्रिया को और सशक्त बनाना है। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन देश की अग्रणी शैक्षणिक संस्थाओं में से एक है, जो पिछले 25 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। प्रथम का उद्देश्य है कि हर बच्चा, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो, बुनियादी पढ़ने-लिखने और गणना करने की क्षमता में दक्ष हो सके। गुरुशाला प्रथम की एक पहल है, जो शिक्षकों और विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म, नवीन शिक्षण संसाधन, ऑनलाइन प्रशिक्षण और सीखने के अवसर प्रदान करती है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन गीता देवी ने बताया कि दक्षता परीक्षा व सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण से कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पढ़ने वाली ग्रमीण अंचल के निम्न तबके की छात्राओं को उच्चतम शिक्षा प्रदान होगी।

# बाल कटवाने के विवाद में नाई से मारपीट और दुकान में तोड़फोड़ का आरोप

**- घर में घुसकर गर्भवती पत्नी से भी मारपीट का आरोप**

**भोपा, 28 अगस्त (बु.)।** थानाक्षेत्र के गांव कादीपुर निवासी व्यक्ति ने बाल कटवाने के विवाद में गांव निवासी एक युवक पर अपने तीन साथियों के साथ मिलकर नाई का काम करने वाले उसके पुत्र और पुत्रवधू के साथ मारपीट करने और दुकान में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव कादीपुर निवासी बबलू ने थाने पहुंचकर बताया कि उसका पुत्र अभिषेक घर में ही बनी दुकान में बाल काटने का काम करता है। बुधवार को भी वह अपनी दुकान पर बाल काटने का काम कर रहा था, तभी गांव निवासी एक युवक वहां बाल कटवाने आया। भीड़ अधिक होने के कारण उसके पुत्र ने युवक को थोड़ी देर बाद आने के लिए बोल दिया, जिस पर युवक नाराज हो गया और थोड़ी देर बाद अपने तीन साथियों के साथ वापस आया और दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद सभी आरोपी लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर में घुस गए और उसके साथ जातिसूचक शब्द कहते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी, जब उसकी गर्भवती पुत्रवधू अंकिता अपने पति को बचाने के लिए आई, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। पीड़ित ने दुकान में तोड़फोड़ का नुकसान लगभग आठ हजार रुपए बताते हुए थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# चंडीगढ़ पहुंचे यूपी सरकार के मंत्री कपिल देव को मीट्स ग्रुप के डायरेक्टर एम.के. भाटिया ने की श्रीमद भागवत भेंट



**चंडीगढ़ / मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बुस.)।** एम.के. भाटिया ने हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल से हयात होटल, चंडीगढ़ में मुलाकात की। इस अवसर पर श्री भाटिया ने उन्हें श्रीमद्भगवद् गीता भेंट स्वरूप प्रदान की। यह केवल एक ग्रंथ का उपहार नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, सकारात्मक सोच और कर्मयोग की प्रेरणा को साझा करने का एक प्रतीकात्मक क्षण था। बैठक के दौरान दोनों ने समाज और युवा वर्ग में आध्यात्मिकता, शिक्षा एवं विकास के महत्व पर विचार-विमर्श किया।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र सं. 7148/05.07.2019 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम कबीर राज तोमर अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन- पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

शुभम तोमर पुत्र श्री राजपाल सिंह
गली नं. 2, आदर्श कॉलोनी,सरवट, मुजफ्फरनगर, M.8384801043

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 03/2017, दिनांक 29/7/2017 में माता का नाम रेनू देवी (RENU DEVI) गलती से अंकित करा दिया गया, जबकि उनका वास्तविक नाम रानू देवी (RANU DEVI) है। उन्हें भविष्य में रानू देवी (RANU DEVI) के नाम से ही जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- राहुल कुमार बालियान
शान्ति नगर, मुजफ्फरनगर
मो. 9588060105

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम PRAVAZ TYAGI S/O HANIF TYAGI से बदलकर PRAVEZ TYAGI S/O HANIF TYAGI रख लिया है। भविष्य में मुझे PRAVEZ TYAGI के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

प्रवेज त्यागी पुत्र हनीफ त्यागी
7/93, त्यागी चौक, सरवट, मुजफ्फरनगर

**खोया-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाई स्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष- 1992, अनुक्रमांक- 0215805 का प्रमाण-पत्र- सह- अंक-पत्र तथा इण्टरमीडिएट की मुख्य परीक्षा वर्ष -1994, अनुक्रमांक- 094261 का प्रमाण-पत्र- सह- अंक-पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

दीपमाला पुत्री रामभरोसे सिंघल
112, कुन्दनपुरा, मुजफ्फरनगर
251001

# गैर संप्रदाय के आरोपियों ने किशोरी से किया दुष्कर्म का प्रयास

## - मां के साथ चारा लेकर लौट रही थी किशोरी, मां बेटी ने आरोपियों को पकड़ किया ग्रामीणों के हवाले

**भोपा, 28 अगस्त (बु.)।** मां के साथ चारा लेकर घर लौट रही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से बाइक सवार गैर संप्रदाय के दो आरोपियों ने गन्ने के खेत में खींचकर दुष्कर्म का प्रयास किया। मां-बेटी ने किसी तरह आरोपियों को मौके से ही पकड़कर ग्रामीणों के हवाले कर दिया, जिसके बाद सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि गुरुवार की शाम वह अपनी नाबालिग पुत्री को साथ लेकर गांव के नजदीक से ही चारा लेकर अपने घर वापस लौट रही थी। जैसे ही दोनों अपने गांव के पास पहुंची, तो पीछे से बाइक पर सवार होकर आ रहे दो आरोपियों ने उसकी पुत्री को कब्जे में ले लिया और जबरदस्ती खींचकर गन्ने के खेत में ले गए और उसके कपड़े फाड़कर उससे दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। अपनी पुत्री के साथ ऐसी हरकत होती देख मां ने एक आरोपी को पकड़ लिया और दूसरे आरोपी को उसकी नाबालिग पुत्री ने हिम्मत बांधकर दबोच लिया और शोर मचा दिया। मां-बेटी का शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर आ गए और आरोपियों को कब्जे में लेकर मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और आरोपियों की बाइक कब्जे में लेकर थाने आ गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि मामले में नईम पुत्र यूसुफ और आजम पुत्र इदरीश निवासी तेजलहेड़ा थाना छपार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# शाहपुर में श्री आदर्श रामलीला महोत्सव के आयोजन की तैयारियां जोरों पर

## --इस बार वृंदावन धाम की विश्व प्रसिद्ध मंडली करेगी रामलीला मंचन



**शाहपुर, 28 अगस्त (बु.)।** बहुप्रतीक्षित श्री आदर्श रामलीला महोत्सव का एक बार फिर भव्य आयोजन होगा। वृंदावन धाम की विश्व प्रसिद्ध कला मंडली के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का सजीव चित्रण देखने को मिलेगा। एक पखवाड़े तक चलने वाले श्री आदर्श रामलीला महोत्सव का शुभारंभ आगामी 17 सितंबर से होगा। आयोजन को मूर्त रूप देने में कमेटी के पदाधिकारी जी-जान से जुटे हुए हैं। 02 अक्टूबर को राजतिलक के साथ महोत्सव का समापन होगा। पिछले कई दशकों से नगर के मेन बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान में आयोजित होने वाला श्रीरामलीला महोत्सव जनपद ही नहीं अपितु पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां की रामलीला का मंचन दूर से दूर तक प्रसिद्ध है। इतना ही नहीं शाहपुर का दशहरा मेला भी सदैव ख्याति अर्जित करता रहा है। श्री आदर्श रामलीला कमेटी शाहपुर ने राम भक्तों के आग्रह पर भव्य श्रीराम लीला के मंचन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी एवं अध्यक्ष सुनील मित्तल बताया कि इस बार श्री आदर्श रामलीला महोत्सव आगामी 17 सितंबर को प्रारंभ होकर भगवान राम के राजतिलक 02 अक्टूबर के साथ समापन होगा। 18 सितंबर को पुत्रेष्टि यज्ञ, 22 सितंबर को राम बारात, 24 सितंबर को राम बनवास, 25 सितंबर को भारत मिलाप एवं 02 अक्टूबर को दशहरे का विशाल मेला होगा। श्री आदर्श रामलीला का उद्घाटन सुधीर कुमार अग्रवाल अशोक अग्रवाल+शाहपुर वाले), गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट नोएडा वालों द्वारा होगा। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, विधायक राजपाल बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक होंगे। उन्होंने बताया कि इस बार श्री रामलीला का मंचन पावन वृंदावन धाम की विश्व आदर्श रामलीला एवं कृष्ण लीला संस्था द्वारा होगा। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के प्रबंधक बालेश सिंघल, स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल उपाध्यक्ष अरुण मित्तल, भंवर पाल कश्यप, अनिल बंसल आढती, मनोज अग्रवाल प्रवेश गोयल, सुदेश अग्रवाल, डॉ. प्रदीप चौहान, सभासद विशाल गर्ग, सभासद सोनू सैनी, सभासद मनोज सैनी, विशाल कर्णवाल, साथ अनिल गोयल, प्रमोद गर्ग, शिवम सिंघल ,सुदेश अग्रवाल, नीरज कर्णवाल गोल्डी, बृजमोहन कोरी, अक्षय गोयल, अंकित सिंघल प्रवीण शर्मा, मनोज सैनी, राधेश्याम नामदेव, निशांत शर्मा आदि के साथ-साथ पवन सक्सेना, अनिल गोयल, मोहित बंसल, अनमोल सिंघल, अनु सिंघल आदि समस्त कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।





# एस. डी. पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में सांस्कृतिक श्रृंखला- पंख ए प्राइज्ड मॉर्निंग (अनमोल प्रभात) कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बुस.)।** एस. डी. पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम 'पंख'-ए प्राइज्ड मॉर्निंग का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, जिससे उनमें नैतिक, सामाजिक शिक्षा और रचनात्मक मूल्यों का समावेश हो और वे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना अपने कौशल, योग्यता व विवेक से कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर चंचल सक्सेना, प्रधानाध्यापिका भारती तिवारी व इंचार्ज डॉ. रचना जैन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाध्यापिका ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय सभी छात्रों को सक्रिय बनाने और उनका नैतिक चरित्र बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। इन छः दिवसीय (23-28 अगस्त) विभिन्न कार्यक्रमों में कक्षा एल.के.जी से चार तक के सभी विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत भागीदारी रही। सभी कार्यक्रमों में एनईपी के मुख्य बिंदुओं को सम्मिलित करते हुए सभी विषयों जैसे गणित, विज्ञान, सामाजिक और नैतिक शिक्षा आदि का समावेश किया गया। एक मनमोहक प्रस्तुति के द्वारा अंतरिक्ष के क्षेत्र में शुभांशु शुक्ला की उपलब्धियों को दर्शाया गया। मनमोहक कव्वाली द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों ने भारत की उपलब्धियों का चित्रण किया। एक अन्य मनोरंजक कार्यक्रम द्वारा सर्कस जैसी विलुप्त होती कला को उजागर किया। एन.सी.ई.आर.टी के अंतर्गत खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों पर आधारित जादुई पिटारा का प्रयोग दर्शाया गया। छात्रों द्वारा जंक फूड इज डेंजरस पर प्रभावशाली प्रस्तुति देते हुए संतुलित आहार को अपनी जीवन शैली में अपनाए जाने हेतु सभी को प्रेरित किया। मेरे सपने नृत्य प्रस्तुति ने बच्चों की आकांक्षाओं और उज्ज्वल भविष्य की सुंदर झलक प्रस्तुत की। सुरेश भूटानी, गोल्डी अग्रवाल, नीतू मित्तल, मीनाक्षी संगल और साक्षी अरोरा द्वारा मंच का संचालन किया गया। सभी कार्यक्रम कक्षा अध्यापिकाओं के कुशल निर्देशन में संपन्न कराए गए। हुमा शमीम, मिली मित्तल, राजीव सक्सेना, चेतना सेठी, मनीषा जैन, अंशु चौधरी का विशेष सहयोग रहा। अपने प्रेरक संबोधन में डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने कहा कि विद्यालय का ध्येय मात्र शैक्षणिक दक्षता तक सीमित नहीं है, वरन विद्यार्थियों को सामाजिक, सांस्कृतिक तथा नैतिक मूल्यों से अभिसिंचित कर उन्हें एक समग्र व्यक्तित्व के रूप में गढ़ना है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रचना जैन ने सभी अतिथियों व अभिभावकों को धन्यवाद देकर उनका आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु बैठक का आयोजन हुआ




**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बुस.)।** फेडरेशन ऑफ मुजफ़्फ़रनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के फेडरेशन हाल में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी का स्वागत फेडरेशन अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने बुके भेंट कर किया तथा बैठक का संचालन सह सचिव आशीष गर्ग ने किया। तत्पश्चात आशीष गर्ग ने बैठक को आगे की कार्यवाही हेतु जिला उद्योग केंद्र की उपायुक्त जैस्मिन फौजदार को हैंडओवर किया। बैठक में जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि देश वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय टैरिफ की चुनौती से जूझ रहा है। अतः उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उत्पादन कार्य प्रभावित न हों। यदि किसी इकाई से शिकायत प्राप्त होती है, तो उसका तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी उनके साथ अलग से बैठक कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। फेडरेशन अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने कहा कि सितंबर-अक्टूबर में कोल्हू संचालित होने के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ता है, जिसका ठीकरा उद्योगों पर फोड़ा जाता है, जबकि उद्योगों में प्रदूषण रोकने के सभी उपकरण लगे हुए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए कि उचित कदम उठाकर प्रदूषण पर नियंत्रण किया जाए और दोषी इकाइयों पर तत्काल कार्यवाही हो। आईआईए चेयरमैन अमित जैन ने कहा कि मुजफ्फरनगर के उद्यमी राष्ट्रहित में पूरी तरह समर्पित हैं, किंतु कुछ अधिकारी सरकार की भावना के विपरीत कार्य कर उद्यमियों का शोषण कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने आश्वासन दिया कि उद्यमियों को हर संभव सहायता दी जाएगी और किसी को भी अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी एवं प्रमुख उद्यमी उपस्थित रहे। मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में अश्वनी मित्तल (उपाध्यक्ष), राकेश जैन (उपाध्यक्ष), अंकित संगल (पूर्व अध्यक्ष), अंकुर गर्ग (पूर्व), के.एल. अग्रवाल (पूर्व सचिव), अरविंद गुप्ता (पूर्व कोषाध्यक्ष), दीपक मित्तल, जगमोहन गोयल, सोमप्रकाश कुच्छल, मनोज पुंडीर, राकेश ढींगरा, मिंटू बाबू आदि शामिल रहे।

# 24 घण्टे में किशोरी को नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण करने वाले दोनों अभियुक्त गिरफ्तार




**चरथावल, 28 अगस्त (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर मार्ग से पुलिस ने किशोरी को नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण करने के अभियोग में फरार चल रहे दोनों आरोपितों को पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर धर दबोचा है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 बाइक बरामद कर ली। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी द्वारा 26 अगस्त को दर्ज कराये मुकदमे में बताया गया था कि ग्राम सिकंदरपुर निवासी युवक दानिश व साहिल द्वारा उनकी 17 वर्षीया पुत्री को नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण कर लिया गया तथा ग्रामीणों द्वारा देख लेने पर उनकी पुत्री को जंगल में छोड़कर फरार हो गये थे। मामला हिन्दू-मुस्लिम का होने के कारण पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टीम गठित कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी थी। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि उन्हें गुरुवार की सुबह सूचना पर उक्त घटना को कारित करने वाले फरार आरोपित कही जाने की फिराक में सिकन्दरपुर मार्ग पर खड़े है। सूचना पर हिंडन चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिये। वहीं घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं सीओ सदर ने भी घटना की जानकारी दी है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ट्रम्प के टैरिफ की अमेरिका में आलोचना

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इससे भारत के एक्सपोर्ट पर असर पड़ रहा है। ट्रम्प इस समय कई तरह की हताशा का शिकार हैं। ट्रम्प, आपरेशन सिंदूर में भारत की सैन्य क्षमता देखकर भी सदमे में हैं, यही कारण है कि वे लगातार अंट-शंट बयानबाजी कर रहे हैं। जर्मन अखबार के दावे के बाद ट्रम्प ज्यादा बौखला गए हैं। जर्मन अखबार ने लिखा कि प्रधानमन्त्री मोदी ने ट्रम्प के चार बार फोन करने के बाद भी उनसे बात नहीं की। अब खबरें आ रही हैं कि अमेरिका ही में ट्रम्प की आलोचना हो रही है। विश्व के कई देश ट्रम्प के व्यवहार की आलोचना कर रहे हैं। आस्ट्रेलिया ने कहा है कि हम टैरिफ का समर्थन नहीं करते। अमेरिका के डेमोक्रेटिक सांसदों ने ट्रम्प की आलोचना की है और अमेरिका के जाने माने अर्थशास्त्री जेफरी सैश का कहना है कि भारत पर इतना ज्यादा टैरिफ लगाकर ट्रम्प ने अमेरिका ही का नुकसान किया है। इससे अमेरिका दुनिया में अलग-थलग पड़ जाएगा और उसकी कंपनियों का भारी नुकसान होगा। प्रोफेसर सैश ने एक इंटरव्यू में कहा कि ट्रम्प भारत की बांह मरोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वह इसमें सफल नहीं होंगे। उनको लगता है कि वे भारत को डरा-धमकाकर अपना काम निकाल लेंगे। यह सोचना समझदारी नहीं है कि वे 1.5 अरब की आबादी वाले देश को डरा सकते हैं। इससे ट्रंप ब्रिक्स देशों को और करीब लाने में सफल होंगे। इससे भारत अमेरिका के दूर हो जाएगा और रूस, चीन, ब्राजील और दुनिया की दूसरी बड़ी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के करीब चला जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प अमेरिका को ग्लोबल इकॉनमी से अलग-थलग कर रहे हैं। वह अमेरिका की इंडस्ट्री का नुकसान कर रहे हैं। हो सकता है कि उनके इस कदम से अमेरिका की कंपनियां घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ा दें, लेकिन वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में ज्यादा कंपीटीटिव नहीं रह जाएंगी। मुझे लगता है कि ट्रम्प अपने पैर पर कुल्हाड़ी नहीं मार रहे हैं बल्कि अमेरिका के पैर पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं। वह बाकी दुनिया को करीब लाने का काम कर रहे हैं। सैश ने कहा कि ट्रम्प और उनके सलाहकार भारत के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं। उन्होंने कहा कि मैं तो भारत में अपने दोस्तों से कहता हूं कि अमेरिका पर ज्यादा भरोसा न करें। अमेरिका को भारत के विकास की कोई परवाह नहीं है। सैश ने भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाने के ट्रम्प के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह अमेरिका की विदेश नीति में अब तक का सबसे बेवकूफी भरा फैसला है। इससे अमेरिका को एशिया में भारत जैसे भरोसेमंद साथी से हाथ धोना पड़ सकता है। अमेरिकी कांग्रेस के विदेश मामलों की समिति में डेमोक्रेटिक सांसदों ने डोनाल्ड ट्रम्प सरकार के भारत पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने के फैसले की कड़ी आलोचना की। उनका कहना है कि यह कदम यूक्रेन की समस्या से बिलकुल भी जुड़ा हुआ नहीं लगता। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर समिति के डेमोक्रेट सांसदों ने लिखा कि अमेरिका को उन देशों पर ध्यान देना चाहिए, जो बड़ी मात्रा में रूस का तेल खरीदते हैं, लेकिन इसके बजाय ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर टैरिफ लगा दिया। उनके मुताबिक, इससे अमेरिका के आम लोगों को भी नुकसान हो रहा है और भारत के साथ संबंध भी बिगड़ रहे हैं। डेमोक्रेट सांसदों ने साफ लिखा कि चीन या अन्य बड़े तेल आयातक देशों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, लेकिन भारत पर टैरिफ लगा दिया गया। ऐसा लगता है कि इसका यूक्रेन की स्थिति से कोई लेना-देना नहीं है। यह बयान उस समय आया है, जब अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया। इससे पहले, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा था कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस को यूक्रेन पर हमला रोकने के लिए भारत पर सेकेंडरी टैरिफ और अन्य आर्थिक दबाव डालने का फैसला किया। ट्रम्प और उनके प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि भारत सस्ती दरों से तेल खरीदकर यूक्रेन में रूस के युद्ध अभियान को बढ़ावा दे रहा है। दिलचस्प बात ये है कि जिस यूक्रेन के नाम पर ट्रम्प भारत पर दबाव बना रहे हैं, उसने खुद भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर दबाव डालने से इन्कार किया है। भारत में यूक्रेन के राजदूत ने खुद इस बात का खुलासा किया और भारत की संप्रभुता को स्वीकार किया। नयी दिल्ली में यूक्रेनी राजदूत ओलेक्सांद्र पोलिशचुक ने बताया कि यूक्रेन समझता है कि भारत एक संप्रभु देश है और रूसी तेल खरीद के मामले में उसे अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी। उन्होंने आगे कहा कि कीव, मॉस्को से कच्चे तेल की खरीद को लेकर नयी दिल्ली पर 'दबाव' नहीं डाल रहा है। इससे पैदा होने वाले किसी भी मुद्दे पर द्विपक्षीय चर्चा की जा सकती है और उसका समाधान किया जा सकता है। अमेरिका की मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी की हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी ने डोनाल्ड ट्रंप के भारत को लेकर लिए गये फैसलों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उसने चीन पर चुप रहने और सिर्फ और सिर्फ भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रंप के फैसले की आलोचना की है। उसने अपने बयान में कहा है कि भारत पर टैरिफ लगाने से यूक्रेन युद्ध खत्म नहीं होगा। भारत और अमेरिका का रिश्ता, जिसे 21वीं सदी का सबसे मजबूत रिश्ता माना जाता था, वो अब गंभीर खतरे में है और भारत ने ट्रम्प प्रशासन के आगे झुकने से इनकार करते हुए रूसी तेल खरीदना जारी रखने का फैसला किया है। भारतीय अधिकारियों और एक्सपर्ट्स का कहना है कि ट्रम्प प्रशासन का यह कदम समझ से बाहर है। वहीं, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉस्को में अमेरिकी टैरिफ के लिए 'भ्रमित' शब्द का इस्तेमाल किया है। आज से करीब 6 महीने पहले तक, या यूं कहिए डोनाल्ड ट्रंप की वाइट हाउस में वापसी तक भारत और अमेरिका, इंडो-पैसिफिक में चीन को संतुलित करने के लिए साथ कदम मिलाकर चल रहे थे। दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी और डिफेंस सेक्टर में काफी तेजी से सहयोग बढ़ रहा था और अमेरिकी कंपनियों को चीन से बाहर निकलकर भारत को सप्लाई चेन का आधार बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा था, लेकिन अब ये स्थिति पूरी तरह से बदल चुकी है। पिछले चार महीनों में इस पूरे समीकरण में अचानक गिरावट आ गई है। अब न तो चीन पर साझी रणनीति की बात हो रही है और न ही व्यापारिक रिश्तों में भरोसा दिखाई देता है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'घास' 'इलेक्शन' 'राग' 'शोर'

घास चोरों ने बुलाया दूसरे चोरों को भी,
इस इलेक्शन में न जाने कौन सा काम आएगा।
अपनी-अपनी ढपलियों पर राग भी अपना ही है,
शोर कितना भी मचालो कौन सा काम आएगा?

# नगर के व्यापारियों ने दिखाया अपना दम, अमेरिकी उत्पादों पर पैट्रोल छिड़क कर लगा दी आग

## - शिवचौक पर जली अमेरिकी उत्पादों की होली, किया प्रदर्शन





मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम उमेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापारियों व उद्यमियों के हित में सरकार से राहत पैकेज देने की मांग की। व्यापारियों व उद्यमियों को सरकार से अब राहत पैकेज की मांग करते हुए व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने इससे पूर्व सड़कों पर उतरते हुए ज्ञापन में कहा कि अमेरिकी सरकार द्वारा 50 प्रतिशत टैक्स वृद्धि टैरिफ लगाए जाने से भारतीय उद्योग, व्यापारी, उद्यमी और श्रमिक वर्ग प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इंजीनियरिंग सामान, ड्रग्स, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, ज्वैलरी, रत्न, कालीन, कैमिकल व बर्तनों समेत हजारों वस्तुओं पर उक्त अतिरिक्त टैक्स लगने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे तमाम व्यापारियों ने अमेरिकी सरकार द्वारा की गई 50% टैक्स वृद्धि टैरिफ के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच, व्यापार मंडल के व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में संजय मित्तल ने कहा कि देश में अमेरिका द्वारा 50% की टैरिफ लगाने से व्यापारियों, उद्यमियों व श्रमिकों को आर्थिक नुकसान होगा। व्यापारी व उद्योग मंदी की चपेट में न आएं, उनका अस्तित्व सुरक्षित रहे इसके लिए सरकार से मांग है कि व्यापारियों, उद्यमियों व श्रमिकों को राहत पैकेज दिया जाए तथा प्रचार करके स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ की मुहिम चलानी चाहिए। विशेष तौर पर अमेरिकी उत्पादों जैसे ड्रग्स, ज्वैलरी, इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक, कालीन, केमिकल, बर्तन, कोका-कोला, पेप्सी, लिम्का, शैंपू, सर्फ आदि का बहिष्कार करना चाहिए। बाद में व्यापारियों ने शिव चौक पहुंचकर अमेरिका के उत्पादों की होली जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महेश चौहान, राजेंद्र सिंघल, नीरज बंसल, जयपाल शर्मा, प्रमोद त्यागी, अनिल तायल, दीपक गोयल, पुनीत सिंघल, धारा सिंह पाल, लवी गोयल, अमित राय जैन, नरेश अरोड़ा, अमजद सैफी, मनोज पुंडीर, संजय वर्मा, राजेश गोयल, मनोज शर्मा, राजीव गुप्ता, अविरल मित्तल, विनोद वर्मा, परमिंदर धीमान, नितिन जैन, प्रवीण धीमान, बंटी गाबा, अनिल तायल, विकास आहूजा, उज्जवल मित्तल, संजय गोयल, मौ. तारिक मौजूद रहे।

# उप क्रीडाधिकारी पूनम विश्नोई ने बढ़ाया जिले का सम्मान

### - स्वर्ण पदक के साथ बनाया राष्ट्रीय मास्टर महिला में स्थान



मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)। देहरादून में चल रही 23 वीं राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता में 10.9 शूटिंग एसडी इंजी० स्पोर्ट्स एकेडमी की होनहार शूटर पूनम विश्नोई उप क्रीडाधिकारी ने 50 मीटर पिस्टल में खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल करते हुए जनपद का गौरव बढ़ाया। यह जानकारी उप क्रीडाधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव ने देते हुए बताया है कि बीते दिवस देहरादून में संपन्न प्रतियोगिता में पूनम विश्नोई ने यह सफलता हासिल की। गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जनपद स्तरीय अधिकारियों की संपन्न बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने पूनम विश्नोई उप क्रीडाधिकारी को मेडल पहना कर सम्मानित किया। बैठक में इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, भूपेन्द्र सिंह यादव, उप क्रीडाधिकारी एवं बैठक में शामिल समस्त जनपदीय अधिकारियों ने पूनम विश्नोई शुभकामनाएं दी। पूनम विश्नोई, उप क्रीडाधिकारी का अब आगामी माह में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर महिला 50 मीटर शूटिंग प्रतियोगिता में चयन किया गया।

# मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में जीवनरक्षक सर्जरी बनी मददगार

## - 40 वर्षीया महिला ने दी अर्ली स्टेज ओवेरियन कैंसर को मात



मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के डॉक्टरों ने नगर की 40 वर्षीय महिला का सफलतापूर्वक इलाज किया, जिन्हें स्टेज आईए बॉर्डरलाइन ओवेरियन ट्यूमर था। काम्प्लेक्स सर्जरी के जरिए उनका उपचार ऐसे किया कि उन्हें कीमोथैरेपी या रेडिएशन की आवश्यकता ही नहीं पड़ी और वे स्वस्थ होकर फिर से सामान्य जीवन की ओर लौट सकीं। यह मामला दर्शाता है कि समय पर बीमारी का पता लगाने व सर्जरी से गंभीर बीमारियों में सकारात्मक परिणाम संभव हैं। मीडिया से वार्ता करते हुए मैक्स हॉस्पिटल वैशाली की डॉ. स्वस्ति ने बताया कि, सबसे बड़ी चुनौती 40 वर्षीय महिला सुशीला के ट्यूमर को पेट के भीतर से बिना फटे सुरक्षित निकालना था। ऐसे में विस्तृत मूल्यांकन और परामर्श के बाद चार घंटे की काम्प्लेक्स सर्जरी में गर्भाशय, यूटरस, अंडाशय, फैलोपियन ट्यूब, पित्ताशय व आसपास के टिशूस को हटाया गया ताकि पूर्ण रूप से कैंसर मुक्त हो सके। उन्होंने बताया कि कैंसर का समय पर पता चलने और उपचार से मरीज को कीमोथैरेपी या रेडिएशन की जरुरत नहीं पड़ी और वे शीघ्र स्वस्थ हो गई। 24 घंटे के भीतर आईसीयू से बाहर ले जाया गया और 5वें दिन उन्हें स्वस्थ अवस्था में हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. स्वस्ति ने बताया कि यह मामला बताता है कि असामान्य रक्तस्राव, विशेषकर समय से पूर्व मेनोपॉज के दौरान कभी भी नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। मरीज का फॉलो-अप पहले दो वर्षों तक हर 3 महीने, अगले 2 वर्षों तक 6 माह और उसके बाद साल में एक बार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मरीज सुशीला दो बच्चों की माँ हैं, जिन्हें समय से पूर्व मेनोपॉज हो जाने और 4 माह से असामान्य रक्तस्राव की समस्या थी। करीब 40 वर्ष से कम आयु में मेनोपॉज होना दुर्लभ है और मात्र 1% महिलाओं में ही ऐसा होता है। उन्हें पेट दर्द, आंत या मूत्राशय की आदतों में बदलाव या गांठ महसूस नहीं हुई थी, जिससे यह स्थिति आसानी से अनदेखी हो सकती थी। ऐसे में लोकल गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह पर उन्होंने डॉ. स्वस्ति मैक्स हॉस्पिटल वैशाली से नगर में आयोजित ओपीडी के दौरान परामर्श लिया और आगे की जांच हेतु मैक्स हॉस्पिटल पहुंचीं। बाद में जांच में पता चला कि उनके अंडाशय में बड़ा ट्यूमर है, साथ गॉल ब्लैडर में पथरी के साथ ही एब्डोमिनल फ्लुइड्स का भी पता चला। पेट-सीटी जांच में ट्यूमर की पुष्टि हुई और बायोप्सी से अर्ली स्टेज ओवेरियन कैंसर को कन्फर्म किया।

# लच्छेड़ा के ग्रामीणों ने लगाई डीएम दरबार में न्याय की गुहार

## - अस्पताल को अन्यत्र बनाए जाने की मांग को सौंपा ज्ञापन



मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर के लच्छेड़ा गांव में आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण को अन्यत्र बनाने की मांग को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम दरबार पहुंच अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। इस दौरान डीएम के नाम अधिकारियों को सौंपे मांग पत्र में ग्रामीणों ने ग्राम लछेड़ा के राजस्व अभिलेखों का हवाला देते हुए करीब साठ वर्षों से उक्त खसरा में कूड़ा डाले जाने की बात कहते हुए सरकारी अस्पताल को ग्राम पंचायत की खाली पड़ी खसरा नंबर 1045 की भूमि पर बनवाए जाने की अधिकारियों से मांग की। गुरूवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे ग्राम लच्छेड़ा के दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि वे करीब छह दशकों से उक्त ग्राम पंचायत की भूमि पर कूड़ा डालते आ रहे हैं, जिसके लिए अन्यत्र कोई भी जगह उनके पास नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2013 में इस खसरा नंबर 1086 की भूमि पर जहां दलित परिवार दशकों से कूड़ा डाल रहे हैं, वहां अफसरों द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सालय बनाने जाने का प्रस्ताव पास करा दिया गया। दलित समाज के इन लोगों ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए खसरा नंबर 1086 के बजाए खसरा नंबर 1045 की खाली पड़ी ग्राम पंचायत की भूमि पर निर्माण कराए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से चरण सिंह, अमरेश, विकास, लोकेन्द्र, मोनू, बालिस्टर, सावन, धीर सिंह, शुभम, सुशील, वेदपाल, बिजेन्द्र, रोशन, दिनेश, काला, नरेश, चांदवीर, अभिषेक, अंकुर, कमल, सचिन, जय प्रकाश, पप्पू, अंकित, दीपक, भूरा, पप्पन, नन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाकियू अराजनीतिक ने सौंपा पीएम व सीएम के नाम ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिलाध्यक्ष चौ. अक्षय त्यागी के नेतृत्व में संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित दो अलग-अलग ज्ञापन डीएम को सौंपे। उक्त ज्ञापन में भाकियू नेताओं ने उप राष्ट्रपति के इस्तीफे को लेकर इस बीच गंभीर सवाल उठाए। गुरूवार को सौंपे ज्ञापनों में भाकियू नेताओं ने प्रश्न किया कि बीते माह 23 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर देश के उप राष्ट्रपति ने इस्तीफा दिया था, जबकि उस दिन उन्होंने राज्य सभा की कार्यवाही भी पूरी की थी।

इसके बाद से न तो उनका कोई सार्वजनिक बयान सामने आया और न ही उनके परिवार का कोई पता चल रहा है। जिला मुख्यालय पहुंचे किसानों का आरोप है कि संभवतः किसानों के पक्ष में बोलने की वजह से उनसे जबरन इस्तीफा लिया गया और उन्हें किसी अज्ञात स्थान पर नजरबंद या हिरासत में रखा गया। यूनियन ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि उपराष्ट्रपति से संबंधित समस्त जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि किसानों में व्याप्त हो रही आशंका दूर हो सकें। दूसरे ज्ञापन में यूनियन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्यान किसानों को मिलने वाली उक्त नीम लेपित यूरिया खाद के दुरुपयोग किए जाने की ओर दिलाया। किसानों ने आरोप लगाया कि जनपद की फैक्ट्रियों में तकनीकी ग्रेड यूरिया की जगह किसानों के लिए आई नीम लेपित यूरिया का उपयोग हो रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शासन-प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो यूनियन आंदोलन का रास्ता अपनाएगी, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से सरकार व प्रशासन की होगी।

# ईंट-पत्थर फेंकने का आरोप, तहरीर दी

जानसठ, 28 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव गढ़ी निवासी गीता पत्नी धर्मपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके घर पर रात्रि में ईंट व पत्थर फेंके जा रहे हैं। बुधवार की रात्रि को जब उसने इसका विरोध किया, तो पड़ोस के ही रहने वाले आकाश, विकास, अमर पुत्रगण वेदपाल व वेदपाल पुत्र रामस्वरूप उर्फ पटेल उनके घर पर आकर गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि विकास व आकाश हाथों में फावड़ा, ईंट व पत्थर लेकर उसके मकान की ओर दौड़ पड़े और मारपीट पर उतारू हो गए। महिला और परिवार वालों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित महिला ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस तहरीर लेकर जांच में जुट गई है।

# जैन मंदिरों में दशलक्षण पर्व पर उत्तम क्षमा धर्म की पूजा





मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)। दशलक्षण पर्व के प्रथम दिवस गुरूवार को जैन मंदिरों में "उत्तम क्षमा" धर्म की पूजा की गई। गुरूवार से शुरू जैन धर्म के दशलक्षण पर्व के प्रथम दिन नगर के समस्त जैन मंदिरों में जैन श्रावक एवं श्राविकाओं ने "उत्तम क्षमा" धर्म की पूजा की। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना में प्रातःकाल की बेला में सैकड़ों भक्तों द्वारा सर्व प्रथम भगवान पार्श्वनाथ जी का नित्य नियम पूजन, अभिषेक, प्रक्षालन किया गया। इसके बाद विश्व शांति के लिए शांति धारा की गई। भगवान का प्रथम अभिषेक व शांतिधारा करने का सौभाग्य उमंग जैन प्रेमपुरी को प्राप्त हुआ। इसके बाद श्रावक-श्राविकाओं ने भगवान के सम्मुख अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना में मुख्य रूप से विपिन जैन, विजय जैन, सतीश जैन, विजय जैन, मुकेश जैन, वैभव जैन, गौरव जैन, विप्लव जैन, रोहित जैन (अप्पू), अमित जैन, आशीष जैन, अरिहंत जैन, आशीष जैन सीए, मनीष जैन, सागर जैन, निशांत जैन, अभिनव जैन, चंद्र जैन, अमन जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।इसी प्रकार नगर के सभी जैन मंदिरों में प्रेमपुरी, जैन नगर, अम्बा विहार, रेनबो विहार, अबूपुरा, नई मंडी, मुनीम कॉलोनी, जैन मिलन विहार , सुरेंद्र नगर में उत्तम क्षमा धर्म को बहुत ही भक्ति भाव से मनाया गया।

Situation Vacant

Applications invited for a managerial position at Narayani Enterprises (a startup for organic incense sticks) in Muzaffarnagar district to handle production, staff and e-commerce.

Minimum qualification Graduation / BBA. An experience of marketing/production and sales will be given preference.

Apply in confidence at : narayanienterprises027@gmail.com within 10 days of publishing.

# आज अमरोहा एवं रामपुर के युवा दिखाएंगे मैदान में दमखम

## - मुजफ्फरनगर के युवाओं को दो सितम्बर को मिलेगा मौका
## - गुरूवार को भर्ती रैली में रहा अवकाश, देर सायं लगा रैला




मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)। भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अन्तर्गत जनरल ड्यूटी समेत अन्य सेवाओं के लिए शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया गुरूवार को एक दिन के बाद शुक्रवार को फिर से नई ऊर्जा एवं जोश के बीच 29 अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम के बीच सुबह प्रारंभ होगी। शुक्रवार को होने वाली भर्ती रैली में यूपी के अमरोहा और रामपुर जनपद के 1171 युवाओं को प्रवेश पत्र जारी किया गया है, जो गुरूवार देर सायं तक मेरठ रोड स्थित भर्ती क्षेत्र में पहुंचने शुरू हो गए। नुमाइश ग्राउंड में पहुंचने वाले इन युवाओं के चेहरों पर पूरा उत्साह एवं जोश दिखाई दिया। भारतीय थल सेना मेरठ भर्ती कार्यालय की ओर से बीते 22 अगस्त से वेस्ट यूपी के 13 जिलों के करीब 17 हजार अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के बीच भर्ती रैली में निमंत्रण दिया गया था। जनपद मुख्यालय पर बीते छह दिनों लगातार भर्ती के बाद एक दिन के विश्राम के बाद नुमाईश ग्राउंड में गुरूवार देर सायं फिर से हलचल प्रारंभ हो गई। भारतीय सेना में शामिल होने की खातिर उक्त अग्निवीर भर्ती रैली में सैन्य अफसरों के साथ जिला पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कंधे से कंधा मिलाकर भर्ती प्रक्रिया को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने में जुटे हैं। भारतीय थल सेना भर्ती मेरठ कार्यालय की ओर से जनपद के नुमाइश कैंप व चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को जनपद अमरोहा व रामपुर जनपद के करीब 1171 अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरने के साथ अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों की 54 तहसीलों से करीब 17 हजार अभ्यर्थियों की प्रारंभ इस अग्निवीर भर्ती रैली में 30 अगस्त को जहां मुरादाबाद एवं गाजियाबाद जिले के युवाओं को मौका मिलेगा, वहीं 31 अगस्त में मेरठ व हापुड़ और 1 सितम्बर को मरेठ जिले के मवाना व सरधना तहसील के युवा भर्ती रैली में शामिल होंगे। वहीं सामान्य ड्यूटी भर्ती रैली के अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ते कदमों के बीच मुजफ्फरनगर के युवाओं को अग्निवीर जवान बनने का मौका 2 सितम्बर को मिलेगा, जो इस बीच मैदान पर दौड़ लगाने के साथ अपनी शारीरिक दक्षता को साबित करेंगे।

# कार्यकर्ता के पुत्र को जेल भेजने से भाकियू में उबाल

## - निर्दोष को जेल भेजने का आरोप, क्षेत्राधिकारी से मिले कार्यकर्ता

भोपा, 28 अगस्त (बु.)। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में धार्मिक अनुष्ठान के लिए जा रहे मोरना निवासी दो भाइयों के साथ मारपीट कर घायल कर देने और जातिसूचक शब्द कहने के मामले में भाकियू कार्यकर्ता के पुत्र सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने का मामला तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। मामले को लेकर गुरुवार को भाकियू का एक प्रतिनिधि मंडल क्षेत्राधिकारी भोपा से मिला और कार्यकर्ता के पुत्र को निर्दोष बताते हुए मामले में रोष जताया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी वंशराज ने बीते बुधवार को भोपा थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बुधवार की सुबह वह अपने भाई तुषार के साथ मछली जिमाने के लिए शुक्रताल जा रहा था। जैसे ही वह मोरना स्थित महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा, तो वहां मौजूद राहुल राठी, काकू और हेमंत ने उसके भाई तुषार के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी और जातिसूचक शब्द प्रयोग करते हुए जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर वार कर दिया। मारपीट से उसे व उसके भाई को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर हेमंत और काकू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। मामले में जेल भेजा गया युवक हेमंत भाकियू कार्यकर्ता का पुत्र बताया गया है। इस मामले में गुरुवार को भाकियू का एक प्रतिनिधिमंडल भाकियू के प्रदेश महासचिव, मेरठ मंडल प्रभारी योगेश शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी भोपा देवव्रत वाजपेई से मिला और निर्दोष युवक को जेल भेजे जाने पर रोष जताया। योगेश शर्मा ने बताया कि हेमंत द्वारा झगड़े के दौरान बीच बचाव का प्रयास किया था। पुलिस द्वारा बिना जांच-पड़ताल निर्दोष युवक पर एक पक्षीय कार्रवाई की गई है। मामले से भाकियू कार्यकर्ताओं में भारी रोष का माहौल है। इस दौरान सरदार अमीर सिंह तहसील अध्यक्ष, हवा सिंह तहसील उपाध्यक्ष, प्रदीप शर्मा, आशीष और मानसिंह आदि मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी भोपा देवव्रत वाजपेई ने बताया कि मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है।

# सचिन और गौरव की 12वीं पुण्यतिथि मनाई



जानसठ, 28 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव कवाल के मजरा मलिकपुरा में सचिन और गौरव की 12वीं पुण्यतिथि मनाई गई। 27 अगस्त 2013 को कवाल कांड में मारे गए सचिन और गौरव को श्रद्धांजलि दी। पिछले साल घर लौटे गगन ने भी हवन में आहुति दी। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल सहित क्षेत्र के सैकडों गणमान्य लोग सामिल हुए। सभी ने सचिन व गौरव को श्रद्धांजलि दी। गुरुवार की सुबह नौ बजे सचिन व गौरव की आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ किया गया, जिसमें गगन ने भी अन्य लोगों के साथ आहुति दी। सचिन, गौरव के स्वजन, रिश्तेदार के अलावा पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व विधायक विक्रम सैनी, ब्लॉक प्रमुख चौधरी नरेंद्र सिंह व क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने हवन-यज्ञ में आहुति दी। उसके बाद सभी ने सचिन और गौरव की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मोन रखा। फिर सचिन व गौरव के चित्रों पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुष्पांजलि के बाद सचिन और गौरव की प्रतिमा लगाने की बात उठी। मृतक गौरव के पिता रविंद्र कुमार ने स्मारक बनवाने के लिए ढाई बीघा जमीन देने की घोषणा की। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री की ओर से 11 व्यक्तियों की कमेटी का गठन करने के लिए कहा गया। पुण्यतिथि को लेकर कवाल में भी पुलिस बल तैनात रहा। कवाल से मलिकपुरा को जाने वाले रास्ते पर भी पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान एसडीएम जयेंद्र सिंह, सीओ यतेंद्र सिंह नागर, कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा सहित पुलिस बल मौजूद रहा। पुण्यतिथि में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान, यशवीर महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व विधायक विक्रम सैनी, पूर्व विधायक बुढ़ाना उमेश मलिक, युवा मोर्चा अध्यक्ष कार्तिक काकरान, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह, नजर सिंह गुर्जर, हरेन्द्र सिंह, अमित प्रमुख, रविंद्र प्रधान, राजपाल आर्य, अंकित तितोरिया आदि शामिल रहे।

# नीव इंटरनेशनल स्कूल अंसारी रोड एवं लिटिल गेनर स्कूल नई मंडी में हुआ गणेश चतुर्थी पर्व का भव्य आयोजन



मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बुस.)। नीव इंटरनेशनल स्कूल, अंसारी रोड तथा लिटिल गेनर स्कूल, नई मंडी में गणेश चतुर्थी का पर्व अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। दोनों विद्यालयों में गणपति पंडाल स्थापित कर विधि-विधान से श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई। इस अवसर पर नन्हें-मुझे विद्यार्थियों ने गणेश जी एवं शिव परिवार के विभिन्न रूप धारण किए, जिससे कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय एवं आकर्षक बन गया। विद्यार्थियों को गणेश जी के जीवन से संबंधित प्रसंगों एवं शिक्षाप्रद कथाओं को नाटिका एवं वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से अवगत कराया गया। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से विशेष गतिविधि आयोजित की गई, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने अध्यापिकाओं के मार्गदर्शन में मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण करना सीखा। इस अवसर पर अध्यापकों ने विद्यार्थियों को समझाया कि हमें पर्यावरण हित में केवल मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का ही प्रयोग करना चाहिए, ताकि विसर्जन के समय ये सहजता से जल में विलीन होकर जलस्रोतों को प्रदूषित न करें। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रसाद स्वरूप मोदक एवं लड्डू वितरित किए गए। इस अवसर पर अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यालय प्रशासन ने गणेश चतुर्थी पर्व के सफल आयोजन हेतु सभी के सहयोग एवं सहभागिता के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना व मॉडल सोलर ग्राम को लेकर विचार मंथन




मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)। मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देश भूषण की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना व मॉडल सोलर ग्राम के चयन के सम्बन्ध में बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के साथ योजना में आने वाली परेशानियों पर विचार मंथन किया गया। उक्त बैठक में बैंक के अधिकारियों को ससमय लक्ष्य पूर्ण करने तथा अनावश्यक रूप से कागज के लिए लाभार्थियों को परेशान न किये जाने पर जोर दिया। वहीं लाभार्थियों/वैण्डर्स से बैंक अधिकारियों द्वारा अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिये गए। बैठक में इस बीच बैंकों द्वारा लोन समय पर नहीं देने के कारण मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों को सत्यापन एवं स्मार्ट मीटर/नेट मीटर स्थापना, मीटर रीडिंग के कार्यों को ससमय करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने परियोजना प्रभारी, यूपीनेडा भजन सिंह को निर्देश दिए कि अग्रणी जिला प्रबन्धक व विद्युत विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर संयंत्र स्थापना में आ रही समस्याओं का ससमय निराकरण करवायें। परियोजना प्रभारी यूपीनेडा ने बताया कि जनपद का लक्ष्य 4702 है, जिसके सापेक्ष 4158 लाभार्थियों के यहां सोलर संयंत्र स्थापित कराये गये हैं, जिसमें 3364 लाभार्थियों को अनुदान भी प्राप्त हो चुका है। जनपद में वर्तमान में 60 वैण्डर्स कार्यरत हैं, जिनके द्वारा कैनोपी, बैनर लगाकर तथा पम्पलेट वितरण करके योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बैठक में परियोजना निदेशक, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियंता, अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंकों के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर, परियोजना प्रभारी तथा जनपद के सभी वैण्डर्स ने बैठक में प्रतिभाग किया।

# सरकारी भूमि कब्जाने का आरोप

जानसठ, 28 अगस्त (बु.)। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कपिल प्रधान ने एसडीएम जयेंद्र सिंह को शिकायती-पत्र देते हुए बताया कि कासमपुर खोला में रास्ते की भूमि व बंजर भूमि पर भाजपा नेताओं ने अवैध कब्जा किया हुआ है। यूनियन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अवैध कब्जा करने में कर्मचारियों की मिलीभगत है। आरोप है कि रास्ते की भूमि पर भाजपा नेताओं ने मकान बनाकर रास्ता अवरुद्ध कर रखा है। एसडीएम जयेंद्र सिंह ने राजस्व टीम को निर्देशित कर तत्काल सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर रिपोर्ट मांगी है।

# उत्तर प्रदेश में 1 सितंबर से बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

**लखनऊ, 28 अगस्त (एजेंसी)।** योगी सरकार के 25 अगस्त के निर्देशों के अनुरूप पूरे उत्तर प्रदेश में 1 से 30 सितम्बर तक 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान पूरा पुलिस और प्रशासनिक अमला अभियान को सफल बनाने में लगेगा। यह अभियान जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से चलाया जाएगा। सरकार की मंशा है कि जनपद स्तर पर सभी संबंधित विभाग एक साथ नागरिक सुरक्षा के इस उद्देश्य मूलक प्रयास को आगे बढ़ाएं। इस अवधि में पुलिस, राजस्व/जिला प्रशासन तथा परिवहन विभाग के अधिकारी प्रवर्तन की मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे। योगी सरकार ने आमजन से अपील की है कि वे इन प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग करें। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 दोपहिया चालक तथा पिलियन के लिए हेलमेट को अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194-डी उल्लंघन पर दंड का प्रावधान करती है। सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति द्वारा भी राज्यों को हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने का परामर्श दिया गया है। योगी सरकार ने कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का उद्देश्य दण्डित करना नहीं, बल्कि नागरिकों को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है-ईंधन तभी, जब हेलमेट सिर पर हो। परिवहन आयुक्त ने कहा कि अभियान पूरी तरह से सार्वजनिक हित में है। पूर्व के अनुभव बताते हैं कि दोपहिया वाहन स्वामी शीघ्र ही हेलमेट के साथ आने की आदत विकसित कर लेते हैं। इससे ईंधन बिक्री पर भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। तेल विपणन कंपनियां-आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल और सभी पेट्रोल पम्प संचालकों से अनुरोध है कि वे इस प्रयास में सक्रिय सहयोग दें। खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से पेट्रोल पम्प स्तर पर आवश्यक समन्वय/निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। सूचना एवं जनसम्पर्क तंत्र जन-जागरूकता के प्रसार में सहयोग करेगा। नागरिक, उद्योग और प्रशासन मिलकर ही सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोटों को कम करने के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर ठोस कदम बढ़ा सकते हैं। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' दण्ड नहीं, बल्कि सुरक्षा का संकल्प है। यह अभियान 1 से 30 सितम्बर तक जिलाधिकारी के नेतृत्व, डीआरएससी के समन्वय और पुलिस-प्रशासन-परिवहन अधिकारियों के प्रवर्तन के साथ चलेगा। सभी नागरिकों, पेट्रोल पम्प संचालकों और तेल कंपनियों से अपील है कि वे इसमें पूर्ण सहयोग दें। 'हेलमेट पहले, ईंधन बाद में' को नियम बनाएं, क्योंकि हेलमेट पहनना जीवन का सबसे सरल बीमा है।

**30 सितंबर तक चलेगा विशेष अभियान**



## बिहार में एनडीए की सीट शेयरिंग फाइनल-सूत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 102 | JDU | 20 | LJP |
| 101 | BJP | 10 | HAM |
| 10 | RLM | कुल - 243 | |

**पटना, 28 अगस्त (एजेंसी)।** बिहार में एनडीए गठबंधन की सीट शेयरिंग को लेकर तस्वीर लगभग साफ हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे के बाद विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीटों को लेकर गठबंधन दलों के बीच अंतिम सहमति बन गई है। सूत्रों के मुताबिक, जनता दल यूनाइटेड 102 और भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) यानी एलजेपी (आर) को 20, जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा के राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 10-10 सीटें मिली हैं। फिलहाल सीटों के बंटवारे को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। संभावना जताई जा रही है कि एनडीए जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकता है। हालांकि कौन सी पार्टी किन सीटों पर लड़ेगी, इस पर मंथन चल रहा है। इस दौरान जेडीयू और बीजेपी में 1-2 सीटों का अंतर हो सकता है।

## नेपाल बॉर्डर से बिहार में घुसे तीन पाकिस्तानी आतंकी, सुराग देने वालों को मिलेगा 50 हजार रुपये का इनाम

**पटना, 8 अगस्त (एजेंसी)।** नेपाल से सटे पूर्वी चंपारण के जिला मुख्यालय मोतिहारी में सुरक्षा एजेंसियों ने कड़ा अलर्ट जारी कर दिया है। जिले की पुलिस ने बताया कि नेपाल के रास्ते बिहार में तीन पाकिस्तानी आतंकी प्रवेश किए हैं। बिहार में घुसे तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से ताल्लुक रखते हैं। इस खतरे को देखते हुए पुलिस ने संदिग्धों की गिरफ्तारी या सुराग देने वालों के लिए 50,000 रुपए का इनाम घोषित किया है। मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए विशेष नंबर जारी किए हैं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलने पर तुरंत नजदीकी थाने को सूचना दें या फिर 112 पर कॉल करें। साथ ही एसपी मोतिहारी के मोबाइल नंबर 9031827100 और 9431822988 पर कॉल या व्हाट्सएप के जरिए भी सूचना दी जा सकती है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा घेरा और मजबूत कर दिया है। चाहे मुख्य सड़क हो या पगडंडी, हर रास्ते पर जवान तैनात हैं। नेपाल से आने वाले लोगों की सूची बनाकर उनकी गहन जांच की जा रही है। जवानों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी संदिग्ध को बिना जांच भारत में प्रवेश न दिया जाए। पुलिस के मुताबिक, तीन पाकिस्तानी संदिग्धों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। खुफिया इनपुट मिलने के बाद पुलिस-प्रशासन ने जिले में सुरक्षा अभियान और तेज कर दिया है।



हसनैन अली (रावलपिंडी, पाकिस्तान) — आदिल हुसेन (उमरकोट, पाकिस्तान) — मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर, पाकिस्तान)

## तांत्रिक के कहने पर चचेरे बाबा ने किए थे पोते के 10 टुकड़े, प्रयागराज में दिल दहलाने वाली घटना

**प्रयागराज, 28 अगस्त (एजेंसी)।** चचेरा बाबा सरन सिंह...जो कभी अपने पोते पीयूष उर्फ यश को बड़े प्यार से चाकलेट और बिस्किट खिलाता था, उसी ने तांत्रिक के कहने पर आरी व चापड़ से नाबालिग पोते के 10 टुकड़े कर दिए। मंगलवार सुबह स्कूल जा रहे पोते को यह कहते हुए अपहरण किया कि कुछ काम है, साथ चलो। इसके बाद कल्याणी देवी वाले मकान में ले जाकर सिर पर ईंट मारकर बेहोश किया, तकिया से मुंह दबाकर जान ली और बाथरूम में शव के टुकड़े किए। फिर शव के अलग-अलग हिस्से को विभिन्न स्थानों पर फेंक दिया। यह सब करते हुए चचेरे बाबा का हाथ नहीं कांपा बल्कि वह पोते की दादी को ऐसा जख्म दिया, जो ताउम्र याद रहे। ऐसा वह करना चाहता था। इस लोमहर्षक घटना को सुनकर गुरुवार को भी लोग सिहर उठ रहे थे। सदियापुर से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक 17 वर्षीय छात्र पीयूष के निर्मम हत्या की चर्चा होती रही। पुलिस ने आरोपित सरन सिंह को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया और फिर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। इससे पहले पुलिस लाइन सभागार में डीसीपी सिटी अभिषेक भारती, डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव, एडीसीपी सिटी अभिजीत ने अभियुक्त सरन सिंह को मीडिया के सामने पेश किया। बताया कि सदियापुर करेली निवासी प्रापर्टी डीलर सरन सिंह की एक बेटी ने 2023 में फंदे पर लटककर जान दी थी। फिर 2024 में एक बेटे ने नए पुल से यमुना में कूदकर जान दी थी। दो बच्चों की मौत के बाद सरन सिंह परेशान हो गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**खतौली, 28 अगस्त (बु.)।** कांवड़ पटरी मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला तगान निवासी राजेन्द्र वर्मा स्वर्णकार का पुत्र अंकित वर्मा निकटवर्ती गांव गंगदाहड़ी में सुनार की दुकान करता था। बताया जाता है कि गत दिवस सायंकाल अंकित घर से बाइक द्वारा अपने मूल गांव सठेड़ी परिजनों से मिलने गया था। बताया जाता है कि रात्रि में अंकित गांव से बाइक द्वारा कांवड़ मार्ग पर खतौली क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सिर में चोट लगने से लहूलुहान होकर पटरी मार्ग पर गिर पड़ा। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की सलाह पर मौके पर मौजूद परिजनों द्वारा घायल को रात्रि में मेरठ स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान गुरूवार की सायं अंकित (35) की मौत हो गयी। अंकित की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# नरेन्द्र की खतना कराने के साथ-साथ एक करोड़ की सम्पत्ति हड़पी, 6 गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव किनौनी के धर्मपरिवर्तन व दुल्हन दिलाने के नाम पर झांसा देकर नरेन्द्र शर्मा से एक करोड़ की संपत्ति हड़पने वाले 6 लोग गिरफ्तार। गुरुवार को प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव किनौनी निवासी नरेन्द्र शर्मा अविवाहित है। उन्हीं के पड़ोस में रहने वाला यामीन उन्हें लगातार विवाह कराने का झांसा दे रहा था। यामीन ने नरेन्द्र शर्मा को अपने जाल में ऐसा फंसाया कि सिर्फ विवाह के चक्कर में नरेन्द्र शर्मा ने एक करोड़ से अधिक की सम्पत्ति गवां दी। इतना ही नहीं सम्पत्ति हड़पने के साथ-साथ नरेन्द्र के धर्म परिवर्तन की योजना बनाकर यामीन ने नरेन्द्र का खतना तक करा डाला। उक्त मामले में जब पीड़ित द्वारा शिकायत की गयी तो एसपी देहात आदित्य बंसल ने गहनता से पूरे मामले की जांच कराई तो सभी आरोप सही पाए गए। एसपी देहात ने पुलिस टीम गठित कर सिर्फ यामीन ही नहीं उसके भाई उसके बेटे गुलजार, इकराम निवासी अलीपुर हाल पता मिमलाना रोड, हाफिज निवासी तावली, नई मुर्शीद निवासी बुढ़ीना खुर्द के साथ साथ एक बाल अपचारी को भी पकड़ा है। पूछताछ के बाद सभी ने स्वीकार किया कि उन्होंने अविवाहित के करीब एक करोड़ रुपए की संपत्ति को हड़प लिया है और दुल्हन दिलाने के नाम पर उसका खतना भी कराई है व धर्म परिवर्तन कराने का भी उनका पूरा इरादा था।

### एसएसपी ने की शाहपुर पुलिस को बीस हजार के इनाम की घोषणा

**मुजफ्फरनगर। धर्म परिवर्तन का मामला सामने आने के बाद 6 लोगों की गिरफ्तारी करने वाली शाहपुर पुलिस का मनोबल बढ़ाने के लिए एसएसपी ने 20 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। एसएसपी ने बताया कि शाहपुर पुलिस ने 6 आरोपियों के साथ-साथ आरोपियों के पास से एक ट्रैक्टर, एक उत्तरा व एक कार भी बरामद की है तथा पांचों आरोपियों का चालान कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। आपको बता दें कि एसएसपी लगातार जनपद में असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी कराने में सहयोग कर रहे पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए इनाम की घोषणा कर रहे हैं और वास्तव में यह सराहनीय है इससे असामाजिक तत्व तो जल्द पकड़ में आते ही हैं, साथ ही इनाम की घोषणा से पुलिस और अधिक एक्टिव होकर काम करती दिखाई देती है।**

## उत्तर प्रदेश में डीएम की कमेटी करेगी अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों का संचालन

**लखनऊ 28 अगस्त (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बगैर प्रबंध तंत्र के संचालित अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों का संचालन अब जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी। इस बाबत माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शासनादेश जारी कर दिए हैं। इसके अंतर्गत वे विद्यालय शामिल किए जाएंगे जिन विद्यालयों की प्रबन्ध समिति/साधारण सभा/ट्रस्ट का कोई भी सदस्य या पदाधिकारी जीवित नहीं है। अथवा विगत पाँच वर्ष से अधिक समय से कालातीत है और जहाँ शिक्षक-कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु एकल संचालन की व्यवस्था प्रभावी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव ने बताया शासनादेश के तहत, ऐसे विद्यालयों का संचालन अब संबंधित जिले के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। यह समिति किसी विभागीय अधिकारी (श्रेणी-2 स्तर से अन्यून) को प्रबन्धक नामित करेगी, जो समिति के प्रति उत्तरदायी होगा। प्रबन्धक का कार्यकाल अधिकतम पाँच वर्ष का होगा। शासनादेश के बाद अब इन विद्यालयों में प्रबन्धकीय कार्य, परिसम्पत्तियों की देखरेख, तथा शिक्षकों-कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्त प्रकरण जैसे अवकाश, जीपीएफ0, पेंशन, चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति, अधिवर्षता, पदोन्नति, चयन/प्रोन्नत वेतनमान, वरिष्ठता सूची निर्धारण, महिला कर्मचारियों के विशेष अवकाश और अनुशासनिक कार्यवाही आदि जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा नामित प्रबन्धक के माध्यम से क्रियान्वित की जायेगी।

## रिटायर्ड फौजी के मकान पर अज्ञात बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**खतौली, 28 अगस्त (बु.)।** बीती देर रात आर्यपुरी कॉलोनी में बाइक सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा रिटायर्ड फौजी के मकान पर ताबड़तोड़ फायरिंग की वारदात से कॉलोनीवासियों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घटनास्थल से गोलियों के खोखे बरामद कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार आर्यपुरी भूड़ कॉलोनी ओमप्रकाश आर्मी से रिटायर्ड हैं। ओमप्रकाश ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी सुशीला के साथ मकान में रहते हैं। उनके दोनों बेटे फौज में हैं और बाहर रहते हैं। ओमप्रकाश के कथनानुसार बीती रात लगभग 1 बजे वह अपने मकान में सो रहे थे तो अचानक उनके मकान के बाहर दनादन गोलियों की आवाज सुनाई दी, इस पर उन्होंने बाहर निकलकर देखा तो दीवार पर गोलियों के निशान थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को पीड़ित के मकान की दीवार पर गोलियों के निशान स्पष्ट दिखाई दिये तथा मौके से 315 व 312 बोर के खोखे भी पड़े मिले। पुलिस द्वारा घंटों बदमाशों की कॉम्बिंग कर तलाश की गयी। रिटायर्ड फौजी ओमप्रकाश ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बदमाशों की तलाश कर कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## अभी भी नहीं छूट रहा शाहनवाज राना का पीछा

**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)।** गैंगस्टर मामले में थाना सिविल लाइन में दर्ज गैंगस्टर मुकदमे में नामजद पूर्व विधायक शाहनवाज राना की पुलिस सम्पत्ति चिन्हित करने में जुटी हुई है। इसमें एक आवासीय प्लॉट व छह कृषि भूमि शामिल हैं। बताया जा रहा है कि 5 करोड़ 39 लाख की संपत्ति पुलिस द्वारा अभी तक चिन्हित की गयी है। आपको बता दें कि 5 दिसम्बर 2024 को कादिर राना की फैक्ट्री में जीएसटी टीम पर हुए हमले के बाद पूर्व विधायक शाहनवाज राना जेल तो गए ही थे और हाल ही में जमानत पर रिहा होकर घर भी लौट आए हैं। 5 दिसम्बर के बाद जब शाहनवाज राना जेल पहुंचे तो उन पर गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट भी दर्ज की गयी। सूत्रों की मानें तो शाहनवाज राना की मुश्किलें उनके जेल से रिहा होने के बाद भी कम नहीं हो रही हैं। बताया जा रहा है कि शाहनवाज राना की एकाध नहीं बल्कि सात सम्पत्तियों को चिह्नित किया गया है।और जल्द ही इन सब सम्पत्तियों पर बड़ी कार्रवाही होने की सम्भावना है।



# 15 हजार का इनामी पुलिस ने मुठभेड़ में किया घायल



**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)।** गुरूवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि भौराकला व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने 15 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में घायल कर दिया। एसएसपी ने बताया कि 29 अप्रैल को भौराकलां थाना क्षेत्र में सिसौली निवासी एक महिला से दो बदमाशों ने जंगल में कानों के कुंडल लिए थे। उक्त मामले में महिला के पुत्र रामगोपाल ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरूवार को थाना प्रभारी मानवेन्द्र भाटी अपनी टीम व क्राइम ब्रांच की टीम के साथ चैकिंग कर रहे थे, तभी कुरावा जैतपुर तिराहे पर एक बाइक सवार संदिग्ध को रोकने का पुलिस द्वारा प्रयास किया तो उसने भागने की कोशिश की। अपने आपको घिरता देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर डाली। जवाबी कार्रवाई में बदमाश बृजनन्दन उर्फ मंगल उर्फ मेजर निवासी अहमदगढ़, थाना झिंझाना, शामली घायल हो गया। घायल बदमाश पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था। घायल बदमाश से पुलिस ने 1200 रुपए, एक बाइक व एक तमंचा बरामद किया है। पूछताछ में उसने बताया कि उसने साथी सोमपाल निवासी अहमदगढ़ थाना झिंझाना के साथ मिलकर महिला से कुंडल लूटे थे।

## चोरी की दो बाइकों सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)।** थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने जानकारी दी कि तीन दिन पूर्व सरकूलर रोड से एक बाइक चोरी की गयी थी। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस बाइक चोर की तलाश कर रही थी। सीसीटीवी कैमरों के आधार पर बाइक चोर विजय उर्फ वंश निवासी सरूरपुर खुर्द थाना सरुरपुर मेरठ के रूप में हुई। गुरूवार को पुलिस ने मुखबिर ने सूचना दी तो पुलिस ने पुराना बाईपास रेलवे रोड से वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की दो बाइक बरामद की गयी है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर वाहन चोर का चालान कर दिया है।

## नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)। सीओ सदर डा. रविशंकर मिश्रा ने बताया कि 26 अगस्त को एक व्यक्ति ने थाने में सूचना दी कि आरोपी दानिश व साहिल निवासीगण सिकन्दपुर ने उसकी बेटी को नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण कर लिया। ग्रामीणों के देख लेने पर दोनों आरोपी उसकी बेटी को जंगल में छोड़कर फरार हो गए। थाना पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने गुरुवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर लिया।**

## उप्र में 18 जिलों में बाढ़ के हालात

**लखनऊ, 28 अगस्त (वार्ता)** इस वर्ष मानसून के दौरान बरसात और नदियों के प्रकोप ने उत्तर प्रदेश के 43 जिलों को प्रभावित किया है, हालांकि इस समय राज्य के 18 जिले बाढ़ के हालात का सामना कर रहे हैं।

राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक 116 तहसीलें, 2673 ग्राम और 123 वार्ड जलभराव से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ की चपेट में कुल नौ लाख 55 हजार 654 से अधिक लोग आए हैं। इस आपदा से निपटने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत और बचाव कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और अधिकारियों को लगातार निर्देशित कर रहे हैं। बीते दिन उन्होंने सभी प्रभारी मंत्रियों को आदेशित किया कि वे अपने-अपने जिलों में बाढ़ राहत कार्यों की कमान खुद संभालें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि इस संकट की घड़ी में सरकार हर नागरिक के साथ खड़ी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विषैले जीव-जंतुओं से बचाव के लिए एंटी स्नेक वैनम और एंटी रैबिज टीकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि ह्लआपदा की इस घड़ी में सरकार हर पीड़ित के साथ खड़ी है और किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इस वर्ष बाढ़ प्रभावित जिलों में बलिया, बहराइच, बदायूं, चंदौली, फर्रुखाबाद, गोंडा, गाजीपुर, हरदोई, कानपुर नगर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मीरजापुर, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, शाहजहांपुर, उन्नाव, वाराणसी, मऊ, औरैया, अमरोहा, बस्ती, बांदा, बाराबंकी, कन्नौज, हापुड़, बिजनौर, संभल, संत कबीर नगर, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर, मुरादाबाद, कानपुर देहात, फतेहपुर, अयोध्या, जालौन, आगरा, इटावा, चित्रकूट, हमीरपुर, भदोही, मथुरा और श्रावस्ती समेत 43 जिले शामिल रहे। फिलहाल प्रदेश में बाढ़ प्रभावित जिलों की संख्या घटकर 18 रह गई है, इनमें बलिया, बहराइच, बदायूं, चंदौली, फर्रुखाबाद, गोंडा, गाजीपुर, हरदोई, कानपुर नगर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मीरजापुर, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, शाहजहांपुर, उन्नाव और वाराणसी शामिल हैं।

## पंजाब के 7 जिलों में बाढ़, सेना पहुंची, एम्फीबियस गाड़ियों से रेस्क्यू, ये जमीन और पानी दोनों पर चल सकती हैं

**चंडीगढ़, 28 अगस्त (एजेंसी)।** पंजाब में बारिश के कारण 7 जिले और 150 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। रावी-ब्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद हैं। राज्य के अजनाला में रेस्क्यू ऑपरेशन की जिम्मेदारी सेना ने संभाल ली है। इस दौरान एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। इनकी विशेषता है कि ये जमीन और पानी दोनों पर चलने में सक्षम हैं। जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। जम्मू में झेलम और दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके चलते निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है।

हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण जनजीवन बेहाल है। बुधवार रात कई जगह भारी बारिश से चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई है। राज्य के 3 जिलों में 2000 से ज्यादा टूरिस्ट फंसे हैं। राज्य में बाढ़ और बारिश की घटनाओं में अब तक 310 लोगों की मौत हो चुकी है। 369 लोग घायल हैं और 38 लापता हैं। 1240 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। इनमें 331 घर पूरी तरह से टूट चुके हैं। एक्टर आर. माधवन इस समय लेह में फंसे हुए हैं। वहां भारी बारिश के कारण लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक छोटा वीडियो शेयर किया और बताया कि हालात काफी मुश्किल हैं। माधवन ने याद किया कि साल 2008 में भी उन्हें ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा था। उस समय वह लद्दाख में फिल्म '3 इडियट्स' की शूटिंग कर रहे थे और मौसम ने शूट को प्रभावित किया था।



## रेस्टोरेंट संचालक से मारपीट

**खतौली, 28 अगस्त (बु.)।** बीती देर रात रेस्टोरेंट में खाना खाने आए कार सवार युवक मारपीट कर संचालक को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगदहाड़ी निवासी आदित्य चौहान ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया कि मीरापुर मार्ग पर वह रेस्टोरेंट चलाता है। बीती रात एक सफेद बुलेरो कार सवार तीन युवक उसके रेस्टोरेंट पर खाना खाने आए। संचालक का आरोप है कि शराब के नशे में युवकों द्वारा खाना खाने के बाद जब रुपये मांगे गए तो युवकों ने गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित रेस्टोरेंट संचालक ने कोतवाली पुलिस को बताया कि पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़ित ने कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## संभल हिंसा पर न्यायिक आयोग ने योगी को रिपोर्ट सौंपी, 450 पेज की रिपोर्ट

### हिंदू आबादी घटकर 15% बचने के दावे से मचा हड़कंप

**संभल, 28 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी के संभल में हुई हिंसा की 450 पन्नों की रिपोर्ट न्यायिक आयोग ने सीएम योगी को सौंप दी है। इसमें सिर्फ 24 नवंबर, 2024 को हुई हिंसा के बारे में ही नहीं बताया गया, बल्कि संभल में कब-कब दंगे हुए, इसका भी जिक्र है। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में बताया गया कि बार-बार दंगों से संभल नगर निगम क्षेत्र में हिंदू आबादी कम होती गई। अब वहां सिर्फ 15 प्रतिशत हिंदू आबादी बची है। बाकी पलायन कर गई। आजादी के वक्त यानी 1947 में संभल में 45% हिंदू आबादी थी। 30% हिंदू जनसंख्या पिछले 78 सालों में घटी है। संभल में पिछले साल जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें 4 लोगों की जान गई थी। 29 नवंबर, 2024 को यूपी सरकार ने हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया था। इसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस देवेंद्र कुमार अरोड़ा, रिटायर्ड आईएएस अमित मोहन और रिटायर्ड आईपीएस अरविंद कुमार जैन शामिल थे। न्यायिक आयोग ने गुरुवार को लखनऊ में सीएम योगी से मुलाकात कर गोपनीय जांच रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट को कैबिनेट में पास कराया जाएगा। वहां से विधानसभा पटल में रखी जाएगी। अरविंद कुमार जैन ने बताया- हमने एक-एक बिंदु को देखा है। जितने गवाह हैं, उनके भी बयान लिए हैं। जितना भी कर सकते थे, उसमें किया। रिपोर्ट में हरिहर मंदिर के ऐतिहासिक अस्तित्व के साक्ष्य मिलने का जिक्र है। कहा गया कि संभल में अब तक 15 दंगे हो चुके हैं। 1978 के दंगे के बाद हिंदुओं की संख्या घटती चली गई। जबरन धर्मांतरण कराया गया। लोगों ने अपने बयान में बताया कि मुस्लिम लोग हिंदुओं को डराते-धमकाते थे, उनकी संपत्ति पर कब्जा करते थे। मौत या पिटाई के डर से हिंदुओं ने धर्म बदलना कबूल किया। संभल में अभी भी सैकड़ों की संख्या में हिंदुओं की संपत्तियां हैं, लेकिन उनके मालिक हिंदू वहां आते-जाते नहीं हैं। नतीजतन, कुछ पर लोगों ने कब्जा कर लिया है।



# गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर पुलिस मुठभेड़ में घायल

**बुढ़ाना, 28 अगस्त (बु.)।** स्थानीय पुलिस ने बुढ़ाना कोतवाली के एक हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक गौकश को मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ लिया, जबकि उसका एक साथी भाग जाने में सफल रहा। पुलिस टीम ने फरार हुए बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ना भी चाहा, लेकिन वह ईंख के रास्ते फरार होने में कामयाब हो गया। एसपी देहात ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस टीम का हौंसला बढ़ाया और पुलिस टीम को शाबाशी दी। उक्त घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना पुलिस को आज बृहस्पतिवार की अलसुबह किसी खास मुखबिर से एक सटीक सूचना यह मिली कि दो बदमाश खतौली मार्ग के पास किसी घटना की रैकी के लिए संदिग्ध रूप से खड़े हुए हैं। इनमें से एक बदमाश तो बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है और गैंगस्टर एक्ट में भी निरुद्ध है। तब उमरपुर पुलिस चौकी के नये प्रभारी दीपक कुमार ने इसकी सूचना बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र को दी, तो उन्होंने तुरंत एक टीम गठित करते हुए खुद भी मौके पर पहुंचकर खतौली वाया बुढ़ाना मार्ग पर दो बदमाशों को मौका पाकर घेर लिया और उनको फिल्मी स्टाइल मे सरेंडर करने को कहा, तो दोनों बदमाशों ने पुलिस से अपने आपको घिरा हुआ पाकर पुलिस टीम पर गोली चला दी, लेकिन अपने संसाधनों से पहले से ही लैस पुलिस टीम के एक कांस्टेबल ने अपने आपको फुर्ती से बचाते हुए बदमाशों पर गोली चला दी, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गयी और वह वहीं पर गिर पड़ा, जबकि उसका एक साथी ईंख के रास्ते आंखों से ओझल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को कब्जे में कर फरार बदमाश की तलाश में कॉम्बिंग की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। घायल बदमाश ने अपना नाम दीनू उर्फ दीन मौहम्मद पुत्र यूनुस निवासी लुहसाना रोड बुढ़ाना और फरार साथी का नाम सरताज पुत्र नवाब निवासी गांव बुड़ीना खुर्द थाना तितावी बताया। पुलिस के अनुसार घायल बदमाश पर पहले से ही गौकशी के 12 से भी ज्यादा मामले दर्ज हैं। मुठभेड़स्थल पर सीओ गजेंद्र पाल सिंह और एसपी देहात भी पहुंचे, जिन्होंने कोतवाल आनंद देव मिश्र से मुठभेड़ की पूरी जानकारी ली। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, कारतूस, खोखा व बाइक भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 21 अगस्त को जो मुठभेड़ बुढ़ाना क्षेत्र में हुई थी, उसमें यह आरोपी फरार हो गया था।



## चट्टान खिसकने से 550 बकरियों की मौत, सैकड़ों घायल

**पिथौरागढ़/नैनीताल, 28 अगस्त (वार्ता) उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में चट्टान खिसकने और भूस्खलन की चपेट में आने से लगभग 550 बकरियां और भेड़ों की मौत हो गयी जबकि सैकड़ों घायल हो गयीं। मुनस्यारी के सरमोली के पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने बताया कि उच्च हिमालयी क्षेत्र से पशुपालक अपनी बकरियों के साथ निचले हिस्से से लौट रहे थे। पशुपालक सैकड़ों बकरियों और भेड़ों के साथ मुनस्यारी से 30 किमी दूर घ्वाललोटन क्षेत्र में रूके हुए थे। इसी बीच चट्टान का एक बड़ा हिस्सा टूट गया और बकरियां उसकी चपेट में आ गयीं। उन्होंने बताया कि पशुपालकों की ओर से जिला प्रशासन को इस घटना की सूचना दी गयी है। प्रशासन की टीम मौके के लिये रवाना हो गयी है। श्री मर्तोलिया ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से घटना का संज्ञान लेने की अपील करते हुए विशेष राजकीय कोष के तहत पशुपालकों की सहायता की मांग की है।**

## दिल्ली में बाढ़ का खतरा, शाम तक खतरे के निशान से ऊपर चली जाएगी यमुना, अलर्ट जारी

**नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली के उत्तरी जिले में रेलवे पुल पर यमुना नदी 204.79 मीटर के जलस्तर पर सामान्य बाढ़ स्थिति से ऊपर बह रही है और आज दोपहर 2 बजे इसका जलस्तर 205.36 मीटर रहने का अनुमान है।

चेतावनी के अनुसार, पानी आज शाम तक खतरे के निशान को पार कर सकता है। आयोग ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखने और आवश्यक कार्रवाई करने, जैसे कि नदी के तटबंधों के पास रहने वाले लोगों को चेतावनी देने और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था करने की सलाह दी है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह 9 बजे यमुना का जलस्तर 204.61 मीटर था। दिल्ली में चेतावनी का निशान 204.5 मीटर जबकि खतरे का निशान 205.3 मीटर है। जलस्तर 206 मीटर पहुंचने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया जाता है। पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ के जोखिमों पर नजर रखने के लिए एक प्रमुख अवलोकन बिंदु है। केंद्रीय बाढ़ कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि जलस्तर में बढ़ोतरी का मुख्य कारण वजीराबाद और हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे भारी मात्रा में पानी छोड़ा जाना है। जलस्तर और बढ़ने का अनुमान है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार, वजीराबाद से हर घंटे लगभग 37,230 क्यूसेक पानी और हथिनीकुंड बैराज से लगभग 52,448 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बैराज से छोड़े गए पानी को दिल्ली पहुंचने में आमतौर पर 48 से 50 घंटे लगते हैं। ऊपरी इलाकों से कम पानी छोड़े जाने के बावजूद यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है।

